out of the sale of the land? That will be the crux of the issue. Secondly, now you are saying that the rehabilitation schemes are under implementation. In Para 2, you have said that 53 potentially viable mills are to be revived. I would like to know whether the revival process of these mills is already on. If so, what is the time schedule? Or is it like what happened in the last rehabilitation plan that the whole revival scheme was linked with the sale of the land, and the revival could not proceed? Unless the lands are sold, revival will never happen because as the time goes on, it becomes more sick. Now Rs. 2000 crores have become Rs. 6,000 crores and it would go to Rs. 10,000 crores. What exactly has the Government in mind? Thirdly, you have said that bulk of resources have to be generated. What is this unencumbered assets? As Shri Goyal asked, how much of this land has been occupied by the workers who are staying there. Why couldn,t the assets be identified as unencumbered or encumbered, in the sense, where the workers are staying? How could you relocate those workers to some other place? And you take it as a rehabilitation package! I would like to know whether the revival is really on. If so, mill-wise, what revival is going on? I would like to have these details.

Sir, 137 acres of surplus land has been shown in para 4. In para 9, he says, "NTC has concluded sale of aforementioned five properties for a total amount of Rs. 2,000 crores." How much acres of property has been given? What is the estimated cost?

Last para is about loss of jobs. In Physics, it is said, "Heat lost is heat gained." Would you like to tell us how many jobs have been lost so far, including VRS because VRS is also job lost and how many jobs are going to be gained? Let us come to the specifics.

I would like to know whether - not only Mumbai and Madhya Pradesh, there are other State Governments also -- there have been any offers of joint venture by some people. So, I would like to know whether industrialisation, instead of marking it as a developers' land -- urbanisation -will be a preference. In that case, I would like to know whether you are giving any offers to those who are coming for joint venture. If any State Government wants to utilise it for an industry, I would like to know whether you are giving them any benefits.

Sir, I would like to specifically say that so far as the workers who are staying there are concerned, so far as rehabilitation is concerned, taking this into view, the question of selling of land should be reviewed, in

the sense, the whole process should be reviewed. Is it true that in the case of 405 mills, out of 27 fellows who were interested, at the time of bidding it was found that there was only one bidder who was having strong connections? If that is the case, let the selling of the land at the cost of thousands of workers need not be a source of corruption which we have seen in the NDA rule in the name of disinvestments. Let it not be another scam in the name of revival of textile mills. Thank you.

श्री राजीव शुक्ल: उपसभापति जी, जैसा कि दीपांकर दा ने बोला, मुझे भी यादहै कि उस समय वेंकटस्वामी साहब ने जो पैकेज दिया था, मैंने भी उस पैकेज का अध्ययन किया था, लेकिन जब वह पैकेज आया था, मेरे ख्याल से मिलों के रिवाइवल का वह सबसे सुदृढ़ पैकेज था, लेकिन उस समय किसने इसे block किया, इस बात का पता लगाना चाहिए और जिन लोगों ने उस समय सरकार में रहते हुए , उस प्रपोज़ल को block किया था, क्या वही लोग इस sale के largest beneficiary नहीं है ? वही लोग आज इसको खरीद रहे है । जो लोग उस समय महाराष्ट्र सरकार में बैठे थे, आज वहीं लोग इन मिलों को खरीदने के लिए 900 करोड़ रूपए की bid कर रहे है । इसलिए सबसे पहले यह पता लगाना चाहिए कि उस समय उन्होंने इसको क्यों block किया था और आज वे कहां से इतने पैसे लाकर, उन्हीं मिलों के largest beneficiary बन रहे है । यह पहली चीज है ।

उपसभापति जी, दूसरी चीज यह है कि अभी NTC के बारे में मिनिस्टर साहब का जो स्टेटमेंट है, उससे यह बात समझ में आती है कि जो मिलें रिवाइव हो सकती है, उनमें उनको पैसा लगाया, जाएगा, VRS दिया जाएगा । बिल्कुल सही बात है कि NTC की जो मिलें रिवाइव की जा सकती है, उनको रिवाइव करेंगे और उस पर ये काफी पैसा लगा रहे है, मैं इस बात से agree करता हूं, लेकिन अब वहां पर महाराष्ट्र गवर्नमेंट ने प्राइवेट मिलों की बिक्री की परमीशन दे दी है, उनमें तो कोई भी मिल ऐसी नहीं है जिसको रिवाइव करने की वे कोशिश कर रहे हों । वे इंडस्ट्रियलाइज़ेशन नहीं कर रहे है, वे तो shopping mall बना रहे है । अभी पिछले दिनों मैं वहां एक प्राइवेट मिल फीनिक्स में होकर आया,वहां तो bowling Alley चल रहा है, shopping mall चल रहा है, रेस्टोरेंट्स है,यह अच्छी बात है, लेकिन उसका कुछ न कुछ पैसा इंडस्ट्रियलाइजेशन पर भी तो खर्च होना चाहिए, employment generation पर भी तो खर्च होना चाहिए । तो जो प्राइवेट मिलें बिक रही है, उन पर कहीं न कहीं यह रिस्ट्रिक्शन लगानी चाहिए के वे उस पैसे से इंडस्ट्रियलाइजेशन की actiity कैसे करेंगे । दूसरा charles correaने जो बात कहीं कि वन-थर्ड, वन-थर्ड करें, मेरा यह मानना है कि आप ऐसा मत कीजिए कि 3 मिलें, MAHADA को दे दीजिए और 5 मिलें,BLC को बेचने के लिए दे दीजिए । जो टोटल पैसा, जिस मिल के बिकने पर आ रहा है, उसका पैसा वहीं से शेयर करके, अलग-अलग,सीधे-सीधे डेवलपमेंट ऐक्टिविटी के लिए, इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए, इंडस्ट्रियलाइजेशन के लिए ट्रांसफर करिए ।

श्री उपसभापति : Charles correa ने पैसा बांटने के लिए नहीं कहा, स्पेस बांटने के लिए कहा है ।

1.00 P.M.

श्री राजीव शुक्ल: यहीं तो गलत है । वे अलग बेचेगें, वे अलग बेचेंगे, तो इसमें बहुत तमाश होगा । अगर तीन-तीन एजेंसियों बेचने बैठेंगी, तो तमाम PILइस पर आएंगी और यह प्रोसेस रूक जाएगा ...(**व्यवधान**)...वहीं सोर्स तो गुप्त है, उसी का पता नहीं चल रहा है । इसमें एक प्वाइंट और है, इसको मंत्री जी ने भी कहा है कि BIFR,reconstructionके लिए जिनके लैड की ब्रिकी allow कर रहा है उसमे स्टेट गवन्स्मेट्स हर जगह impediments बल रही है, बाधा बन रही है । हमारे यू.पी. में भी BIFR ने रिकमेंड किया कि लैंड बेचकर आप Financial को पैसा दे दीजिए । स्टेट गवर्नमेंट वहां इसको रोककर बैठ गई है, वह allow नहीं कर रही है, वह Development Authority के जरिए इनको रोककर बैठ गई है कि कुछ भी हो जाए, हम आपको allow नहीं करेगें । इसकी वजह से सारा मामला ठप्प पड़ा हुआ है, न मजदूरों को कुछ मिल रहा है, न उन यूनिट्स का रिवाइवल हो पा रहा है, न ही पैसा Financial Institution को वापस जा रहा है । जब स्टेट गवर्नमेंट इन मामलों को जबरदस्ती रोककर बैठ जाती है, पर्सनल चिढ़ है या क्या considerationहै, यह मैं नहीं बोलना चाहता हूं, मंत्री महोदय बताएं कि इसके लिए भारत सरकार क्या करेगी ? वे बेचने के लिए allow नहीं करते है, वे कहते है, कि आप नहीं बेचेंगे, पहले हमारी सेवा-पानी करो । यह जो चक्कर है, इसके लिए मंत्री जी को कुछ न कुछ ऐसा करना चाहिए कि भारत सरकार यहां से दखल दे और उनकी बिक्री कराए, ताकि मजदूरों को VRS मिलें और इंडस्ट्रियलाइजेशन का प्रोसेस दोबारा से शुरू हो ।

कृपाल परमार(हिमाचल प्रदेश)**:** उपसभापति जी, यह ध्यानाकर्षण प्रस्ताव मुंबई में बेची जा रही NTC की मिलों के सामाजिक और आर्थिक पहलुओं पर चर्चा करने के लिए था कि किस तरीके से इन मिलों को बेचने पर, मिलने वाले पैसे को, मजदूरों की बेहतरी के लिए और उनके पुनर्वास पर लगाया जाए । माननीय मंत्री जी ने जवाब में विस्तारपूर्वक उसकी व्याख्या की और कुछ आंशकाएं जो खड़ी हुई , दीपांककर मुखर्जी ने और जय राम रमेश ने उनके बारे में मंत्री जी से पूछा, मैं भी उनके साथ सहमत हूं, लेकिन जब हमारे काबिल दोस्त नारायणसामी जी बात कर रहे थे, तो सामाजिक और आर्थिक पहलू में अगर वे राजनीति का तड़का न लगाते, तो शायद मज़ा न आता । जिस तरीके से जो पांच मिलें बेची गई है, उन्होंने उनकी चर्चा करते-करते चौथी मिल, कोहिनूर के नाम पर, आकर रूक गए और उन्होंने यह जानना चाहा कि यह मिल एक राजनीतिक दल को कैसे मिली ? अगर वे पहली से लेकर अन्तिम मिल तक चर्चा करते, किसी को कोई शंका नहीं होती । मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि जो कोहिनूर मिल नम्बर-3बेची गई है, क्या यह सच नहीं है कि उस जगह की मार्केट प्राइस लगभग 3500 रूपए प्रति मीटर है और उसका रिजर्व प्राइस, जो डिपार्टमेंट ने रखा था, वह लगभग 200 करोड़ रूपया था और इसमें 35टेंडर्स लिए गए थे, जिनमें 3 लोगों ने बिड किया, उनमें से एक का बिड था 361 करोड़ रूपया, एक का 411 करोड़ रूपया और एक का 421 करोड़ रूपया । जैसा माननीय मंत्री जी ने कहा है कि इन मिलों को बेचने में पूरी पारदर्शिता बरती गई है । मैं जानना चाहता हूं कि जिस मिल के लिए नारायणसामी जी ने कहा कि एक राजनीतिक दल के लोगों ने खरीदी है, क्या उसमें पारदर्शिता नहीं बरती गई ? जैसाकि राजीव

शुक्ल जी ने प्रश्न उठाया, सेक्शन 58 को कांग्रेस की सरकार ने अमेंड किया है, यूपीए की सरकार ने मिल बेची है, तो इसमें राजनीतिक दल का दखल कहां से आता है ? मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि जिन पांच मिलों को आपने बेचा है, आप उनसे उगाही गई रमक को वर्कर्स के पुनर्वास के लिए किस तरीके से इस्तेमाल कर रहे है ? मैं इस बात से सहमत हूं कि वीआरएस काफी नही है, उन वर्कर्स का पुनर्वास होना चाहिए । जैसा कि बागड़ोदिया जी ने कहा कि जितनी जमीन है, उसका एक तिहाई हिस्सा सरकार को इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए अपने पास रखना चाहिए, पूरा का पूरा हिस्सा ऑक्शन करके बिल्डर्स को नहीं देना चाहिए । मैं माननीय मंत्री जी से इस पर स्पष्टीकरण चाहता हूं । धन्यवाद ।

श्री उपसभापति: प्रो.राम देव भंडारी ।

प्रो.राम देव भंडारी(बिहार)**:** माननीय उपसभापति जी, जब भी कोई पब्लिक अंडरटेकिंग बन्द होती है, तो उसकी सबसे बड़ी मार वहां के वर्कर्स को झेलनी पड़ती है । मंत्री जी ने अपने वक्तव्य में कहा है कि 66 अनवायबल मिल्स बन्द करने जा रहे है और 53 Potentially viabla mills are to be revived. महोदय, मंत्री जी ने यह नहीं कहा है कि ये जो 66 मिल्स बन्द होने जा रही है, इनमें कितने वर्कर्स थे और इन वर्कर्स का क्या हुआ ? वीआरएस, रिहैबिलिटेशन, यह स्पष्ट करना चाहिए कि इन मिलों के बन्द होने की वजह से जो वर्कर्स चले जाएंगे, मंत्री जी उनके बारे में क्या कर रहे है ?

दूसरी बात उन्होंने यह कही है किSeveral thousands of people will get assured employment, after modernization of potentially viable mills out of the sale proceeds. एक तरफ तो हम मिल्स बन्द कर रहे है, वर्कर्स को बाहर कर रहे है, दूसरी तरफ हम आश्वासन दे रहे है, कि कई हजार लोगों को एम्प्लायमेंट मिलेगा । मिल्स बन्द होने के बाद वहां के जो वर्कर्स बेरोजगार हो जाएंगे, क्या उनको भी इन मिलों में समावेश किया जाएगा, मैं मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं ? उन्होंने और भी कई बातें सोशियों-इकोनॉमिक इम्पैक्ट के बारे में, एडीशनल एम्प्लायमेंट अपॉर्चुनिटी के बारे में कहीं । सबसे बड़ी बात यह है कि जिन 53 मिलों को रिवाइव किया जा रहा है, इसकी क्या गारंटी है और इन्हें कब तक रिवाइव करेंगे और क्या मंत्री जी इस प्रकार का आश्वासन देंगे कि इनकी भी वही हालत नहीं होगी, जो इन 66 मिलों की होने जा रही है ? धन्यवाद, महोदय।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Jothi, just seek clarifications on the statement of the hon. Minister so that Mr. Narayanasamy does not react. *..(Interruptions)...* He will confine himself to the statement only.

SHRI N. JOTHI (Tamil Nadu): My Lord has to take care of him.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Pardon!

SHRI N. JOTHI: Sorry; the Chairman has to take care of him. Sir, in court language I said 'my Lord.

Sir, there are several questions left unanswered. Everything is in general terms. For example, what is the effect of the sale? What are they

going to do with the sale proceeds? They say in paragraph 10, "Several thousands of people will get assured employment". It is all in infinite terms. It is not in definite terms. It seems there is something lacking in the planning, and something lacking in envisaging proper aspects in this issue. Then, "after modernisation of the potentially viable mills, it will be utilised for sales proceeds" I What are the mills which you will make viable? What are they? How many? Then how are you going to distribute the proceeds among them? Which one is required for what purpose? Each of them requires how much money? Suppose it is not sufficient, will you sell further? Will you go on selling further? There is a saying in Tamil, "Nobody will sell his eye to buy a picture." An art work, nobody will buy by selling one's own eyes. You have sold your eyes now. You want to do something. Very strange! Due to closure of unviable sick mills, are you going to infuse funds into potentially viable mills? Sir, this is all something in the air. Nothing is in definite terms. Not at all in definite terms. "Statutory dues will be minimised..." Suppose you do not sell, no takers, and there is a problem, it gets locked up in a court. What would you do? You would leave everything in a shambles. You do not have any idea at all. What about the earlier package?

Myself and Mr. Dipankar were discussing this issue. Earlier, there was a package. You take the whole NTC as a single unit and you deal with it. Now, you want to say "Maharashtra is a separate unit, Tamil Nadu is another unit. You will live and die with that unit in that local area." What is this? Then, why is this "National" at all? Do not have the "National Textile Mills" name. Have colonial textile mill names. Sir, this is not proper. This is not the way. As he has warned, we will be going to have another scam. I think, it is already in the offing.

The Government is very keen on selling, not in procuring, not in putting additional value, or an added value, the Government is only selling. Then, what is the difference between this Government and the previous Government? You want to sell away everything. In that case, you do one thing, Sir. There are people who are coming over to India for medical treatment from abroad. They want liver transplantation, heart transplantation. Take those organs from the people of India, give it to them, sell! And have the sale proceeds!! What is all this, Sir? This is not expected of a welfare Government. A welfare Government should continue further and honour people though there are difficulties; you must give leadership in every sphere, not by selling things. That is not a good leadership.

Sir, with these words, I conclude.

SHRI ANAND SHARMA (Himachal Pradesh): Thank you, Mr. Deputy Chairman, Sir. This is a very important subject which has been raised. But, unfortunately, the discussion is confined...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It is not a discussion, but a calling attention.

SHRI ANAND SHARMA: Yes, Sir, but those friends who were speaking raised very serious concerns and very valid concerns. The Minister's statement is confined or restricted only to the sale of land. Murli Deoraji has said that the Urban Development Ministry should also have been involved, by involving the Urban Development Minister. He too should have been apprised of this Calling Attention.

But I am confining myself to the Textile Minister's statement on a larger question. Sir, here, we are discussing about the sale of Mumbai's lands. Textile mills in Mumbai, Surat, Ahmedabad, and elsewhere in the country, all over India, there are large number of textile mills which have been closed down over the years. Lakhs of workers have become unemployed. India was one of the world leaders in textiles. We were the largest manufacturers of textiles. Why has this situation arisen? I would like to know from the Minister. It is a very sad thing that this august House is discussing the sale of land of textile mills in Mumbai and the proceeds to be utilised partially towards modernisation, but largely for the repayment of money to the financial institutions and the money which was borrowed for the VRS. What has happened to the workers? When we talk of a revival package, there was an earlier package, which could not be implemented. The House must know from the Minister why it was not implemented, that is important.

Secondly, when the Government is going to invest money, as the Minister in his statement says, "Capital restructuring is costly, nearly Rs.6000 crores, the Government has committed to carry out." What they are saying is that the BIFR has approved rehabilitation scheme for the NTC companies costing Rs.3900 crores. I do not know, Sir, whether these figures match. If the Government is committed to these two amounts, which are mentioned in the hon. Minister's statement, at the same time, para 3 of the statement says that bulk of resources for rehabilitation, are to be generated through sale of lands in Mumbai. What would be the Government's commitment? Is it a correct policy for modernization or revival the Government should only

be looking at the sale of land of the mills? The Government should have a comprehensive national plan. That is what I would urge the Minister. It should not be restricted to the question of sale of land of Mumbai mills. The House should know at a later date what is the status of the textile mills all over the country and what is the national textile policy. The focus should be to revive, to ensure that India once again becomes the world leader in textiles. This would provide gainful employment because this is a labour intensive industry. Lastly, about the sale of land, concerns have been expressed by my esteemed colleagues. Jairam Rameshji was referring to the report of the Correa Committee and Shri Rajeev Shukia mentioned how the land has been sold. Sir, the hon. Minister should also raise this with the Urban Development Minister and the Central Government must take up this matter in this particular case with the Government of Maharashtra to ensure that land mafia which has become active, land mafia which is responsible for this situation is not allowed to benefit from this. There should be a restriction and the land, which has been sold, there should be a comprehensive Inquiry into it to know who are the beneficiaries, whether there was transparency and whether the proceeds have been correctly utilised. Thank you, Sir.

श्री उपसभापति: श्री प्यारे लाल खंडेलवाल। आपका एक मिनट है।

श्री प्यारे लाल खंडेलवाल (मध्य प्रदेश)**:** उपसभापति जी, मैं माननीय मंत्री जी से केवल एक बात करना चाहता हूं कि मुम्बई में एन.टी.सी.की जो मिलें है, सरकार उनकी जमीन बेचेन का विचार कर रही है। इस बात पर मेरा एक आग्रह यह है कि इन सब मिलों की जो जमीन है, उसका एक हिस्सा मजदूरों के क्वार्टर्स बनाने के लिए रखा जाए। यह एक कल्याणकारी योजना है। जो मजदूर जिस मिल में काम करते थे, कपड़ा मिल में, उनको वह दिया जाना चाहिए। उनके लिए एक ऐसा प्लांट, एक ऐसा एरिया निर्धारित किया जाए। उपसभापति जी, मुझे बस इतना ही कहना है। धन्यवाद।

श्री उपसभापति: यह बहुत अच्छा सजेशन है।

SHRI JAIRAM RAMESH: Sir, there is some confusion in it. Sir, one-third, one-third, one-third formula is not a recommendation of the Correa Committee. The one-third, one-third, one-third was an amendment in 1991 to the Development Control Regulations. It has not been observed in practice. But in theory this one-third, one-third, one-third formula does exist. *..{Interruptions)...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It has been amended. *..{Interruptions)...*

SHRI JAIRAM RAMESH: The fact of the matter is that till day the Charles Correa Committee's Report is secret. *...({Interruptions)...* I would request the hon. Minster to make the report public. *...(Interruptions)...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The Minister will reply. *..{Interruptions)...*

SHRI N. JOTHI: Sir, now it looks that instead of a Disinvestment Ministry, as it used to be during NDA rule, every Ministry has got a Disinvestment Department. They have got a Division. Everybody is now selling. I do not know why. *..{Interruptions)...* I do not know when I am going to be sold. *..{Interruptions)...* By somebody and not me. *..{Interruptions)...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please listen to the Minister. He is replying to all your queries.

श्री शंकर सिंह बाघेला: सर, नारायणसामी जी से लेकर प्यारे लाल स्वामी जी तक **…(व्यवधान)…**

श्री प्यारे लाल खंडेलवाल: शंकर स्वामी नहीं ? **…(व्यवधान)…**

श्री शंकर सिंह बाघेला: सर,मैं इन 13 माननीय सदस्यों का आभारी हूं कि इन्होंने अपने अनुभव के हिसाब से ध्यानाकर्षण प्रस्ताव में अलग प्रश्न पूछकर इंफोरमेशन लेने की कोशिश की है । मेरे इन 13 दोस्तों के प्रश्नों का रिपीटिशन न हो, इसलिए मैं कहूंगा कि अगर आपको जवाब मिल जाए तो संतोष मानिए और अगर न मिले तो बाद में पूछ सकते है । कई प्रश्न रिपीट हुए है, इसलिए मैं नारायणसामी जी से स्टार्ट करूंगा । जैसा कहा, एनटीसी के चार्ज में 119 मिलें थी, उनमें कुछ मिलें क्यों बंद हुई, क्यों नेशनलाइजेशन करना पड़ा? आज मिलों की तीन किस्म की दुनिया है । एक तो प्राइवेट लोग, जो मिल-मलिक थे, उनकी दुनिया आज कहां गई ? इनको मालूम होगा कि इनकी लेबरर्स का क्या हुआ? टीडब्लूआरएफ के नीचे अगर राज्य सरकार रिकमंड करती है, जो जरूर टीडब्लूआरएफ भी हम देते है । दूसरी किस्म में राज्य सरकार मालिक है, जैसे गुजरात में है, महाराष्ट्र में भी है । इनकी एक अलग दुनिया है । इनकी लेबरर्स की चिंता क्या होनी चाहिए, वे करते होंगे । तीसरी दुनिया एनटीसी की है, जिसमें 119 मिलें हमारे पास है । सर, मैं एक बात का सबके सामने खुलास करूंगा कि यह बीआईएफआर की सूचना के हिसाब से, मार्गदर्शन के हिसाब से एनटीसी वीआरएस या रीकंस्ट्रक्शन या मोडर्नाइजेशन या क्लोज, जो भी करना है, अपने आप नहीं करती है, बीआई एफआर की सूचना के हिसाब से करती है । बीआईएफआर क्यों बनाया ? बाद में बीआपीएसी क्यों बनाया ? यह गवर्नमेंट ऑफ इंडिया, आप सब साक्षी है, चाहे आप मैम्बर न हों, जो भी गवर्नमेंट होगी, तब यह सिस्टम बना हुआ था । इन 119 मिलों में से 66, जैसा अभी भंडारी जी ने फरमाया, वे मिलें तो आज बंद है, बाकी की 52 जो है, इसमें 2 मिलें तो रन करने के लिए हमने हमारे नारायणसामी जी की उपस्थिति में पांडिचेरी को दे दी और 52 मिल में से 22 मिलों का हम रीकंस्ट्रक्शन करने जा रहे है, 30 मिलों को, अगर जेन्यून अच्छे प्राइवेट लोग मिलेंगे, जो शोषण करने वाले न हों, पोषण करने वाले हों, उनको हम लीज पर देने का सोच रहे है ।

उपसभापति महोदय, यह जो मामला है, जिसमें आप सब ने लेबरर्स की चिंता की । मैं एनटीसी की ओर से कहूंगा कि लेबरर्स की चिंता एनटीसी ने पूरी की है । कोई भी अनएंपलायड लेबरर नहीं रहा । जो उसे वीआरएस दिया गया, अगर वह वीआरएस की राशि बैंक में भी जमा करता, तो जितनी तनख्वाह आज उसको मिलती , उतना इंटरेस्ट उसको बैंक से भी मिल जाता । इतना हेंडसम एमडीआरएस और वीआरएस अच्छे ढंग से दिया गया, करोड़ों रूपयों का दिया गया, यह 1800 करोड़ रूपए के बांड्स से हमने सबको वीआरएस दिया है, इसलिए आपको लेबरर्स की कोई चिंता नहीं होनी चाहिए । जैसा मनोज जी ने फरमाया, कहीं तनख्वाह नहीं मिलती होगी और अगर ऐसा किस्सा कहीं होगा, तो जरूर तनख्वाह भी देंगे, अगर हमारे हक में होगा तो । नारायणसामी जी ने जो सबसे ज्यादा मामला उठाया, उसमें कोहिनूर की बात इन्होंने की । यह मामला हमने इतना ट्रांसपेरेन्सी के साथ लिया है, क्योंकि हमें पता था कि एनडीए की गवर्नमेंट के समय जो एक्टिवली रोल प्ले करना चाहिए था, वह नहीं हुआ और वह रोल जो ठप्प था, उसे हमने फिर से शुरू करने का किया । मंत्री बनने के बाद मैं मुम्बई गया और हमने एनटीसी का सब्जेक्ट प्राइरिटी पर लिया । बिना मतलब के करोड़ों रूपए की सेलरी देना, मिल बंद है, लोस मेंकिंग है, एक भी मिल , जितनी भी आज चालू है, इसमें से एक भी मिल एनटीसी के नाम प्रोफिट नहीं करती, all are loss-making, करोड़ों रूपए ऐसे जाते है, उसमें क्या रास्ता निकाला जाए, वह रास्ता निकालने के लिए हम मुम्बई गए । जो मिलें मुम्बई में थी, राज्य सरकारों के हिसाब से वन-थर्ड, वन –थर्ड, वाला हिस्सा वह भी हमने तय नहीं किया है। जय राम रमेश जी, जो बार बार कहते है, वह चार्ल्स कोरिया वाला मामला आज भी मुम्बई हाईकोर्ट में लटका है । माननीय उपसभापति जी,सुप्रीम कोर्ट ने दो बार कहा कि एनटीसी बीआईएफआर की सूचना के हिसाब से लैंड सेल के हिसाब से आगे बढ़े । इसके बारे में भी कोर्ट मेटर बना था । एनटीसी सुप्रीम कोर्ट में गई । सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मुम्बई हाईकोर्ट को ओवर-रूल करिए और आप आगे बढ़िए । वन-थर्ड, वन-थर्ड वाला जो मामला है, वह जरूर आज भी जुडिशियरी मेटर में है, मुरली जी ने सही फरमाया, वह भी पेंडिंग मेटर हाईकोर्ट में है ।

उपसभापति जी, यह जो वन-थर्ड वाला मामला है, इसमें पांच मिलें जो हमारे पास आई, इसमें एक महाडा (MAHADA) को गई । स्लम के हिसाब से वहीं लेबरर्स को प्राइरिटी देते हुए, वह कर सकते है कि महाडा में स्लम्स में जो एनटीसी के लेबरस होंगे, उनको प्राइरिटी देगे और सिविक अमेनिटीज के हिसाब से बीएमसी के पास जो मिल गई है, उसे खुला रखकर इसमें इन्फ्रास्ट्रक्चर के हिसाब से गार्डन बनाएं, कोई अच्छा सेंटर बना सकते है, वह उसके मालिक है, उसमें क्या करना है , वह उनको तय करना है । मैं आपके माध्यम से चार्ल्स कोरिया और इनकी टीम को कहूंगा कि जो बीएमसी के पस मिल गई है, इसमें भी वे ध्यान दें और महाडा में जो गई है, उसमें भी सामान्य आदमी को कैसे लाभ मिलेगा, उसके लिए वह चिंता कर सकते है । और "महाडा" में जो गई है, सामान्य आदमी के लिए कैसे लाभ मिलेगा, उसकी भी वे चिंता कर सकते है ।

श्री राजीव शुक्ल ने सही फरमाया, BIFR कीसूचना के हिसाब से अरबन डेवलपमेंट के नीचे राज्य को इसको क्लीअर करना है कि आपके पास कितनी जमीन रहेगी, कहीं 20 परसैंट है, कहीं 23 परसैंट का हिसाब है । यह सही फरमाया कि मुम्बई, मध्य प्रदेश, गुजरात, इन तीन राज्यों में, मुम्बई में तो 5 मिलें क्लीअर थीं और भी 10 मिलों के लिए हम उनसे मिलने वाले है । एम.पी.गवर्नमेंट से भी हमने प्रार्थना की है कि आप करिए । गुजरात गवर्नमेंट को भी एक साल

से हम कह रहे है कि आप इसको क्लीअर करिए । अगर राज्य सरकारें सहायता नहीं देंगी तो BIFR को हमको लिखना पड़ेगा । BIFR की सूचना है कि राज्यों को भी इसमें सहमत होना, अगर राज्य सहमत नहीं होंगे तो BIFR को हमको लिखना पड़ेगा कि राज्य सरकार की और से हमको इसमें कोआपरेशन नहीं मिलता है ।

मैं फिर से "कोहिनूर" पर आता हूं । पांच मिलें जो बेची गई, इनमें "जूपिटर टैक्सटाइल मिले" को 276.66 करोड़ में इंडिया बून्स प्रोपराइटीज़ प्रा.लि. के लोगों ने लिया है । "मुम्बई टैक्सटाइल मिल " 702 करोड़ में ज्वाला ग्रुप प्रोपराइटीज़ प्रा.लि. ने ली है । "अपोला टैक्सटाइल मिल" 180 करोड़ में मेक्रोटैक कंस्ट्रक्शन प्रो.लि.ने ली है । "कोहिनूर मिल न्ही", जैसा इसका नाम कोहिनूर है, इसे 421 करोड़ में "कोहिनूर प्रा.लि."ने लिया है और "एल्फिंस्टन मिल" को 441.75 करोड़ में इंडिया बून्स प्रोपराइटीज़ प्रा.लि.ने लिया है । 2021.57 करोड़ रूपए इनसे हमारे पास आए है । सर, ट्रैन्सपेरेंसी के बारे में बार-बार पूछा गया, तो पूरी ट्रैन्सपेरेंसी के साथ डीलिंग हुई । जैसा होटल संतूर में हुआ या उदयपुर में हिन्दुस्तान जिंक में या वहां के होटल्स के बारे में हुआ, वैसा नहीं, इनकी डीलिंग में पूरी ट्रैन्सपरेंसी रखी गई । पूरा कंसल्टेंट्स के साथ मिलकर, कितना पैसा ज्यादा से ज्यादा इसमें आ सकता है, यह देखा गया ।BIFR की सूचना के हिसाब से कमेटी के ऐसेंशियल मैम्बर कौन-कौन लोग होंगे, इसमें BIFR के लोग होंगे, सैंट्रल गवर्नमेंट के लोग होंगे,स्टेट गवर्नमेंट के लोग होंगें, ये मिनिमम प्राइस तय करते है । मिनिमम प्राइस तय करने का भी सिस्टम है , उस सिस्टम के हिसाब से टेंडर कॉल करके जो भी आए, हमारे कृपाल जी ने जो फरमाया, जो "कोहिनूर " का जो मिनिमम प्राइस था, वह 120 करोड़ था । इसके लिए हमारे पास 3 टेंडर आए थे और जो 3 टेंडर आए- एक "कोहिनूर सीटीएमएल" का, जिन्होंने 421 करोड़ की राशि भरी थी, फिर "वरूण" , जिन्होंने 411 करोड़ की राशि भरी थी , फिर "आक्रूति" कम्पनी ने 355 करोड़ का टेंडर भरा था । तो "कोहिनूर सीटीएमएल", जिसने 421 करोड़ की राशि भरी थी, उसमें बोर्ड आफ डायरेक्टर्स है –उमेश जोशी, उल्गा मनोहर जोशी और माधवी उमेश जोशी और सीटीएमल के दो लोग-श्री हरि शंकर और श्री प्रदीप सिंह, डायरेक्टर्स की लिस्ट में है । यह जो डीलिंग है, इसमें टोटल ट्रैन्सपेरेंसी के साथ काम किया गया । हमको तो पैदा देना है, चाहे कोहिनूर में जो भी बोर्ड आफ डायरेक्टर्स के लोग शामिल हों । पूरी की पूरी वाइट मनी होगी । इसमें लैंड माफियाओं का या लैंड ग्रेबर्स का कोई इन्वाल्वमेंट नहीं है । बहुत कांशियसली हमने यह डील पूरी की है । आप बार-बर इंक्वायरी की बात करते है, तो यह पैसा कहां से आया इसकी इंक्वायरी हो सकती है । उन्होंने बिड क्यों किया, उसकी तो हम नहीं करेंगे, लेकिन 400 करोड़ कहां से आए,वह …(**व्यवधान**)…

श्री एस.एस.अहलुवालिया(झारखड): वह आपका विभाग नहीं है ।…(**व्यवधान**)…

श्री शंकर सिंह वाघेला: बिल्कुल । पूरी बात तो सुनिए ।…(**व्यवधान**)…

श्री एस.एस.अहलुवालिया: मंत्री जी, आप यह बताएं …(**व्यवधान**)…

श्री शंकर सिंह वाघेला: आपको क्या चिंता है इसमें । NTC का उसमें …(**व्यवधान**)…

श्री एस.एस.अहलुवालिया: मंत्री जी , देखिए, सिर्फ दो प्रश्न है पूरी बहस के । …(**व्यवधान**)…दो ही प्रश्न है । …(**व्यवधान**)…

श्री संतोष बागड़ोदिया: मंत्री जी बोल रहे है, उन्हें बोलने दीजिए । ...(**व्यवधान**)...

श्री एस.एस. अहलुवालिया: अरे भाई, मैं बोल रहा हूं न, आपको क्या तकलीफ है । ...(**व्यवधान**)...

SHRI SANTOSH BAGRODIA: He is not *yielding...(Interruptions)..Are* you yielding?

SHRI V. NARAYANASAMY: You cannot just get up without the permission of the Chair..*{Interruptions)...*

श्री उपसभापति: मिस्टर नारायणसामी, मिनिस्टर ने अहलुवालिया जी को ईल्ड किया है, उनको बोलने दीजिए ।

श्री एस.एस.अहलुवालिया :सर,दो ही प्रश्न उठे थे पूरी बहस में-एक तो जो वहां मजदूर काम करते थे, उनका क्या हुआ और दूसरा, आपने जो आक्शन किया, उसमें ट्रैन्सपेंरेसी थी या नहीं ?

श्री एस.एस.अहलुवालिया: उसमें तीसरे प्रश्न में जम्प करने की जरूरत नहीं है ।...(**व्यवधान**)...

श्री शंकर सिंह वाघेला: अगर मैम्बर्स कहेंगे तो इसमें फाइनेन्स मिनिस्ट्री जो भी रिकमेन्ड करेगी उसे जरूर ...(**व्यवधान**)...

श्री एस.एस. अहलुवालिया : पहले फाइनेन्स मिनिस्ट्री तो करे ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: वे भी तो यही बात कह रहे है ।

श्री शंकर सिंह वाघेला: मैं वहीं बात कह रहा है, हमारा काम तो मिनिस्ट्रीज़ की इंक्वायरीज़ का जवाब देना है । ...(**व्यवधान**)...

श्री राजीव शुक्ल: आपकी इंक्वायरी तो...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: शुक्ल जी, आप बैठ जाइए ।

एस.एस.अहलुवालिया: आपने कहा कि इंक्वायरी होने वाली है ...(**व्यवधान**)...इसलिए आप बैठ जाइए । जब आप टेंडर भरते है तो कहा से लाते है ? ...(**व्यवधान**)...

श्री शंकर सिंह वाघेला: जो भी है, आप उसकी चिंता मत करिए । अभी आपने लेबरर्स के बारे में फरमाया , महोदय, उस ज़मीन में, उस मिल में 225 फुट जो चाल होगी, इनको उसका रेडीमेंट कंस्ट्रक्शन अर्थात् एकोमोडेशन मिल जाए, ऐसा प्रावधान एनटीसी की ओर से है । इस प्रकार जहां पर चाल में लोग रहते है, उन्हें मालिकों के हिसाब से 225 फुट की जमीन परमानेंटली मिलेगी । जहां तक सुइसाइड का मामला हुआ, उसमें हमारे जो भी वर्कर्स है, वे वीआरएस या सेलरी, जो चाहे ले सकते है । अभी भी हम उन्हें सेलरी दे रहे है, इसलिए इसमें अनइम्प्लॉयएमेंट का सवाल ही नहीं है और साथ ही अपनी ओर से सुइसाइड का भी कोई सवाल नहीं है । वर्कर्स को तो पैसे मिलते है, यदि वे पैसे नहीं लेंगे तो वीआरएस ले सकते है । इस

प्रकार वॉलंटरी रिटायरमेंट की स्कीम के अंतर्गत इन्हें काफी अच्छे पैसे मिल जाते है किन्तु हम यह कोशिश करते है कि वे इसे ने लें, क्योंकि पैसा लेने के बाद उनसे खत्म हो जाता है । जहां तक 22 मिलों के मॉडर्नाइज़ेशन की बात है और ज्वाएंट वेंचर के हिसाब से 30 मिलों के रीकंस्ट्रक्शन की बात है, उस संबंध में, महोदय, मैं कहूंगा कि ...(**व्यवधान**)...

श्री प्यारे लाल खंडेलवाल: इसमें तो आपने ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: देखिए आप इस प्रकार से मत करिए, श्री खंडेलवाल जी आप बैठ जाइए ...(**व्यवधान**)...यह सब उन्होंने कह दिया है ...(**व्यवधान**)...पहले उन्हें अपनी बात पूरी कर लेने दीजिए ।

श्री शंकर सिंह वाघेला: महोदय, 22 मिलों के अन्दर, उनकी फंक्शनिंग के हिसाब से आज तक हमने रीजनलिज्म को नहीं देखा । केवल 15 मिलें प्रायोंरिटी में आई थी जिनमें साउथ का परफारमेंस बहुत अच्छा था, जिनमें से तमिलनाडु एंव दूसरे राज्यों में पांच-छः मिलें फर्स्ट फेज़ में है । रीजन के हिसाब से हमने इसमें सत और मिलों को शामिल किया है । इस प्रकार कुल मिलाकर 22 मिलों को हमारी ओर से चुना गया है, जिनमें फर्स्ट फेज़ में मॉडर्नाइज़ंशन के लिए हमने 500 करोड़ रूपये रखे है । यदि अच्छे पार्टनर होंगे तो 30 मिलों को ज्वाएंट वेंचर के हिसाब से लीज़ पर देकर, उस सिस्टम के हिसाब से हम उन्हें लेकर आगे चलेंगे । आज तक 46000 एम्प्लाइज़ को हमने वीआरएस दिया है । श्री जय राम रमेश जी ने बार-बार जो महाडा, बीएमसी एंव चार्ल्स कोरिया की बात की है, हमें वह दीगर है, वे अच्छा कार्य कर रहे है ...(**व्यवधान**)...।

एक माननीय सदस्य: इसमें से"सेल्फ स्टाइल" शब्द को निकाल दीजिए । वह अच्छा नहीं लग रहा है ।

श्री शंकर सिंह वाघेला: देखिए सेल्फ स्टाइल का मतलब क्या है, जैसे मैं यह पहनता हूं तो यह मेरा स्टाइल है। सेल्फ स्टाइल का मतलब किसी को नीचा दिखाने का नहीं है । प्रत्येक चीज़ का अपना एक सिस्टम होता है । कई एनजीओज़ सिर्फ ट्राइबल्स के लिए कार्य करते है, कई एनजीओज़ वीमेन्स के लिए काम करते है, इस प्रकार प्रत्येक का अपना एक सिस्टम होता है, इस प्रकार अर्बन एरियाज़ में जो भी काम करते है, उन सबका भी अपना एक स्टाइल होता है, इस प्रकार यह सब बहुत अच्छे कार्यो में लगे है । There is nothing wrong in it. अभी भी होई कोर्ट में मामला पेंडिग पड़ा है । मैं समझता हूं कि ये सब बहुत छोटी-छोटी बातें है और में उन सब में न जांऊ तो अच्छा होगा । इसके साथ-साथ श्री वेंकटस्वामी...(**व्यवधान**)... NO;no It is not of that style, वह कटाक्ष में नहीं है, अच्छे अर्थो में है, रिगार्ड में है । अभी आपने बीआईएफआर के संबंध में वेंकटस्वामी पैकेज की बात की और शुक्ल जी ने भी कहा तो एक बीएफआर में पूरा पैकेज रिजेक्ट किया था और यह भी बताया था कि इसे रिजेक्ट क्यों किया गया है । हो सकता है कि उसमें एमाउन्ट का इनवोंल्वमेंट अधिक होगा । ...(**व्यवधान**)...

श्री दीपांकर मुखर्जी:महोदय, लैंड की जो स्टेट थी, उसके लिए सरकार की ओर से कमिटमेंट नहीं आ रहा था, because of the delay they say, 'We cannot wait further". *..{Interruptions)...* And, that is *why..{Interruptions)-...* That is the major - source what Mr...*Jtfnterruptions)...* Who had stopped

the..^*Interruptions)...* How have they not become buyers of land today? ..^*Interruptions)...* This is what I want to know.

श्री उपसभापति: उसे वे देख लेंगे ।

श्री शंकर सिंह वाघेला: जो वेंकटस्वामी जी वाला प्रोपोज़ल पैकेज था, उसे उस समय बीआईएफआर ने रिजेक्ट किया था । इसके बाद यदि किसी को और भी **...(व्यवधान)...**

SHRI V. NARAYANASAMY: The hon. Minister has to say something about the amount that has been accumulated. *...(Interruptions)...* About employment generation, he has already mentioned in his reply. *...^Interruptions)...* What is the total amount? He has to say something about that. *..{Interruptions)...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: He has already mentioned.

श्री शंकर सिंह वाघेला: देखिए, अगर मिलें बन्द है, अभी तो 22 मिलें है वे भी मायनस में है । जो मिलें चलती है**...(व्यवधान)...**

श्री उपसभापति : ठीक है, आपने सही काम किया है । अब आप कांक्लूड करिए ।

श्री शंकर सिंह वाघेला: अगर मॉडर्नाइजेशन में पैसा नहीं डालेंगे तो वह भी बंद हो जाएंगी । **...(व्यवधान)...**

श्री उपसभापति: आप कांक्लूड कीजिए ।**...(व्यवधान)...**

श्री प्यारे लाल खंडेलवाल: सर,मेरी बात का जवाब नहीं आया ।

श्री उपसभापति: उन्होंने जवाब दे दिया है । वहां एक्प्लोइज को क्वार्टर्स दिए है, ऐसा बोल रहे है । **...(व्यवधान)...**

श्री प्यारे लाल खंडेलवाल: वहां मजदूर ज्यादा होंगे और 40 कम होंगे ।**...(व्यवधान)...**हर मजदूर को मिलना चाहिए, यह मेरा निवेदन है ।

श्री शंकर सिंह वाघेला: मैंने कहा कि मांढा में जो जाएगा,वहां लेबर को प्रायोरिटी देकर स्टेट गवर्नमेंट अपने हिसब से करेंगे । यह तो ठीक है आज एन.टी.सी.ने इसीजिए लिया वरना तो क्या हालत होती, आप चिंता कर सकते है ।

श्री आनन्द शर्मा: मैंने पोलिसी के बारे में पूछा था ।

श्री शंकर सिंह वाघेला: आनन्द जी ने जो पूछा था कि वह केबिनेट में जाने का सवाल नहीं है । यह बी.आई.एफ.आर. और इसके हिसाब से गवर्नमेंट आफ इंडिया की जब-जब गाइड-लाइंस मिली है उसके हिसाब से एन.टी.सी. अपना फक्शन कर रही है । यह मामला 5 साल तक ठप्प था, एक साल से थोड़ा जो भी हो इतनी अच्छी कोशिश करते है उसको चलाने के लिए और जो भी पैसे आते है वी.आर.एस.के लिए, ज्यादा एम्प्लोयमेंट और मॉडर्नाइजेशन के लिए । थैंक्यू सर ।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The House is adjourned for lunch till 2.30 p.m.

The House then adjourned for lunch at thirty one minutes past one of the clock.

The House re-assembled after lunch at thirty minutes past two of the clock,

MR. DEPUTY CHAIRMAN in the Chair.

PRIVATE MEMBERS' BILLS

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shri K.B. Krishna Murthy; he is not present.

The Rivers Desiltation Authority Of India Bill, 2005

श्री एस.एस.अहलुवालिया(झारखंड): महोदय,मैं प्रस्ताव करता हूं कि नदी तलों को गहरा करके, जिससे महासागरों में नदियों के जल का प्रवाह धीमा होगा, जल-संसाधनों का बेहतर प्रबंधन करने के लिए प्रमुख नदियों और उनकी सहायक नदियों से गाद निष्कासन संबंधी कार्यो को पूरा करने के प्रयोजन से एक नदी गाद निष्कासन प्राधिकरण की स्थापना तथा तत्संसक्त विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक को पुर: स्थापित करने की अनुमति दी जाए ।

The question was put and the motion was adopted.

श्री एस.एस.अहलुवालिया: महोदय, मैं विधेयक को पुर:स्थापित करता हूं ।

The financial relief to the Natural Calamity Victims Bill, 2005

श्री एस.एस.अहलुवालिया(झारखंड): महोदय,मैं प्रस्ताव करता हूं कि भूकम्प, चक्रवात, सुनामी, बाढ़, भूस्खलन, बादल फटने के कारण लोगों की फसलों, सम्पत्ति पशुधन की क्षति होने और /अथवा जीवन की हानि होने पर उन्हें वित्तीय राहत देने और उससे संबंधित विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक को पुर: स्थापति करने की अनुमति दी जाए ।

The question was put and the motion was adopted.

श्री एस.एस.अहलुवालिया: महोदय, मैं विधेयक को पुर:स्थापित करता हूं ।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Dr. T. Subbarami Reddy; he is not there.

Shri C. Ramachandraiah; absent.

The Foreign Aid Funds of India (Creation, Control and Regulation) Bill, 2005.

SHRI MANOJ BHATTACHARYA (West Bengal): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill to provide for creation, control and regulation of foreign aid and for matters connected therewith or incidental thereto.

The question was put and the motion was adopted.

SHRI MANOJ BHATTACHARYA: Sir, I introduce the Bit!.